सुविचार

संसार में समस्याए किस को नहीं होती पर कोई समस्या से निखर जाता और कोई वही छोड़ जाता ।

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे

वर्ष: 11 ● डिजिटल अंक : 131 ● मुंबई, बुधवार 08 जनवरी-2025 ● प्रधान सम्पादक: पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 02 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●

जिले की अंतिम मतदाता सूचियों के प्रकाशन के संबंध में बैठक आयोजित

● पदमावत मीडिया

प्रतापगढ़ । अतिरिक्त जिला कलेक्टर परसाराम की अध्यक्षता में मंगलवार को राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मिनी सचिवालय में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में विधानसभा मतदाता सूचियों के अर्हता दिनांक 01 जनवरी, 2025 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 के दौरान विधानसभा क्षेत्र प्रतापगढ़ एवं धरियावद की सभी मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन जो 7 जनवरी 2025 को करवाया गया है, की स्वीकृति दी गई। साथ ही प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची की एक-एक सॉफ्ट और हार्ड कॉपी जिले के राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को उपलब्ध करवाई गई। बैठक में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों की और से भारतीय जनता पार्टी से कैलाश चन्द्र सोनरियावत, इंडियन नेशनल कांग्रेस से मोहित भावसार तथा बहुजन समाज पार्टी से पुरुषौत्तम लाल उपस्थित रहे। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने विधानसभा मतदाता सूचियों के अर्हता दिनांक

01 जनवरी 2025 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी तथा बताया कि दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को फोटो युक्त मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन किया गया तथा अंतिम प्रकाशन किया गया है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों के अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2025 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया गया था। इसके अतिरिक्त वर्तमान मतदाताओं का भी प्रपत्र-8 के माध्यम से मतदाता पहचान पत्र में संशोधन जैसे की मोबाईल नं. का अद्यतन आदि का कार्य किया गया। इस संबंध में बीएलओ द्वारा दिनांक 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में जोड़े गए, साथ ही मृत, शादी के बाद अन्यत्र स्थानांनरित आदि व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से हटाया गया। विधानसभा क्षेत्र धरियावद में 300 एवं विधानसभा क्षेत्र प्रतापगढ़ में 274 मतदान केन्द्रों पर नवीन मतदाताओं के नाम जोडने, संशोधन करने एवं विलोपित करने का कार्य किया गया। धरियावद-157 में पुरूष मतदाताओं की संख्या एक लाख 43 हजार 520 है और महिला मतदाताओं की संख्या एक लाख 40 हजार 785 है। इसी तरह प्रतापगढ़-172 में एक लाख 33 हजार 653 पुरूष मतदाता एवं एक लाख 34 हजार 466 महिला मतदाता है व जिले में कुल 5 लाख 52 हजार 429 मतदाता है। उल्लेखनीय है कि जिले में प्रत्येक 1000 पुरूष मतदाताओं की तुलना में 993 महिला मतदाता है, इस अनुपात के कारण राज्य में प्रतापगढ़ सभी जिलो की तुलना में द्वितीय स्थान पर है।

अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर राजकीय महाविद्यालय, बड़गांव में व्याख्यान

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। उदयपुर के राजकीय महाविद्यालय, बड़गांव में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के सहयोग से अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अंजना गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने न केवल राजनीति के क्षेत्र में, बल्कि समाज में समानता और न्याय की स्थापना के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किए। उनके निर्णय और नीतियां आज भी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। मुख्य वक्ता प्रोफेसर सरोज कुमार ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और उनकी ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक महान नेता और समाज सुधारक थीं। उन्होंने महिला शिक्षा, समाज कल्याण और धर्मनिरपेक्षता के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों और संघर्षों से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने उनके योगदान को नमन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

खबर संक्षेप

एडवोकेट शिवानी जैन हुई सम्मानित

● पदमावत मीडिया

अलीगढ़। एकता फाऊंडेशन सामाजिक संगठन द्वारा सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एडवोकेट शिवानी जैन को क्रांति ज्योति शिक्षण सम्राट सावित्रीबाई फुले गौरव सम्मान 2025 से नवाजा गया। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एडवोकेट शिवानी जैन को साहित्य और समाज में उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है।

सांसद रावत ने दृष्टिबाधित छात्रों का मुंह मीठा करा की जन्मदिवस की शुरुआत

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने मंगलवार को अपने जन्म दिवस की शुरुआत दृष्टिबाधित विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराकर की। सांसद रावत सुबह समिधा दृष्टि- दिव्यांग मिशन द्वारा संचालित छात्रावास पहुंचे। उन्होंने दृष्टिबाधित छात्रों को स्वयं अपने हाथों से लड्डू खिला कर अपना जन्म दिवस मनाया। इस दौरान भाजपा देहात जिलाध्यक्ष व समिधा दृष्टि - दिव्यांग मिशन के संस्थापक चंद्रगुप्त सिंह चौहान भी उपस्थित थे। दृष्टिबाधित छात्रों ने सांसद को अपने बीच उपस्थित देख अपार प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रदान की।

चौकसी हैरियर्स ने राजकीय विद्यालय रेड द्वितीय बांसलिया को भेंट किए 50 टेबल-स्टूल के सेट

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रेड द्वितीय बांसलिया को चौकसी हैरियर्स, उदयपुर द्वारा विद्यार्थियों के उपयोग के लिए 50 टेबल-स्टूल के सेट भेंट किए गए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से सेवा राम ने चौकसी हैरियर्स उदयपुर के एम.डी. किशोर चौकसी का स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यक्रम में संस्था प्रधान राकेश कोठारी, शिक्षक भूपेंद्र पाठक, प्रेम मीणा, दूदा लाल डांगी, बाबू लाल डांगी, विमला, प्रियंका, एसएमसी अध्यक्ष नाथू लाल गमेती, बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अब्दुल गनी राशिद ने सभी का आभार व्यक्त किया।

अवैध पिस्टल के साथ आरोपी गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

उदयपुर । जिले में बड़गांव थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सोशल मीडिया पर पिस्टल के साथ फोटो स्टोरी अपलोड करने के आरोप में एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बड़गांव थानाधिकारी पूरणसिंह ने बताया कि एएसपी उमेश ओझा के निर्देशन में अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई अभियान जारी है। जिसके तहत आरोपी अजहर खान उर्फ चिनु पिता मंजूद अहमद सिलावट निवासी अलीपुरा को एक अवैध देशी पिस्टल मय मैगजीन के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपी की साथी महिला को अपनी फेसबुक आईडी पर जब्तशुदा अवैध देशी पिस्टल के साथ फोटो स्टोरी अपलोड करने के मामले में गिरफ्तार किया गया।

मेघवंशी पंचांग प्रकाशक मंडल ने लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ से की भेंट

सामाजिक बदलाव के लिए युवाओं की यह पहल लाएगी रंग: मेवाड़

● पदमावत मीडिया

मेनार। मेघवंशी पंचांग प्रकाशक मंडल द्वारा महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउंडेशन के ट्रस्टी लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ से सोमवार को भेंट कर मेघवाल समाज द्वारा तैयार किया गया। मेघवंशी पंचांग का आठवां संस्करण 2025 भेंट कर नववर्ष की बधाई देकर शिष्टाचार भेंट की । प्रकाशक मंडल के संजय मेघवाल एवं देवी लाल मेघवाल ने बताया की टीम द्वारा तैयार किया गया 2025 का संस्करण भेंट किया गया। वहीं सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक आराध्य देव बाबा रामदेव जी एवं मेवाड़ गौरव स्मृति चिन्ह भेंट कर मेवाड़ी साफा एवं उपरणा से अभिनंदन किया गया। मेवाड़ ने मेघवाल समाजजनों को मेघवंशी पंचांग विमोचन की बधाई दी, वहीं पंचांग को सामाजिक नवाचार का सकारात्मक माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि सामाजिक बदल के लिए युवाओं की यह पहल रंग लाएगी। गौरतलब है कि पिछले दिनों रविवार को क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारीगण एवं वरिष्ठ समाज सेवियों द्वारा राजस्थान मेघवाल समाज सुधार सोसाइटी एवं मेघवाल समाज छात्रावास समिति कानोड़ बैनर तले आयोजित समारोह में आठवें संस्करण का विमोचन एवं आयोजन किया गया।

आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

फ्लैगशिप स्कीमों से आमजन को लाभांवित किया जाये: जिला कलेक्टर

● पदमावत मीडिया

सलूंबर। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट कक्ष में विभिन्न विभागों के विकास कार्यो की प्रगति के संबंध में आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। कलक्टर ने बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की जनकल्याणकारी स्कीमों से अधिक से अधिक पात्र लोगों लाभान्वित किया जाये। उन्होंने बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी एवं फ्लैगशिप योजनाओं से अधिक से अधिक पात्र लोगों को लाभांवित किया जाये। कलक्टर ने बैठक में पेयजल, विद्युत, चिकित्सा तथा अन्य विभागों के कार्यो की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में जिला कलेक्टर संधू ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को दिये गये डायरेक्शनों की पालना रिपोर्ट अगली बैठक में आवश्यक रूप से साथ लाने

के निर्देश दिये। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को विभागीय कार्यो को गति देते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिये। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय कार्यो के प्रति लापरवाही नही बरते। सड़क सुरक्षा माह-2025 के तहत जिले में आयोजित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि अभियान के दौरान जिन विभागों को दायित्व सौंपे गये हैं, वे उनका निवर्हन गंभीरतापूर्वक सुनिश्चित करें। सामूहिक प्रयासों से ही सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता संभव है। उन्होंने सड़क सुरक्षा माह की थीम 'परवाह' के दौरान अब तक हुई गतिविधियों पर भी चर्चा की। जिला कलेक्टर ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी से विभाग द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सरकारी योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को लाभांवित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने बैठक में फ्लैगशिप योजना, जन सूचना पोर्टल, जन आधार रजिस्ट्रेशन की प्रगति समीक्षा सहित नये जन आधारों के बारे में संबंधित विभाग के अधिकारी से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

कोटा में सहकर्मी पर हमला करने वाले हैड कांस्टेबल को किया राज्य सेवा से बर्खास्त

● पदमावत मीडिया

जयपुर/कोटा । कोटा जिले के गुमानपुरा थाने में पदस्थापित हेड कांस्टेबल द्वारा शराब के नशे में लोहे की हथौड़ी से सहकर्मी हेड कांस्टेबल पर जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी हेड कांस्टेबल को मंगलवार को राज्य सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

सिटी एसपी डॉ अमृता दुहन ने बताया कि 04 जनवरी को थाना गुमानपुरा पर पदस्थापित हेड कांस्टेबल 144 बलवीर सिंह द्वारा शराब के नशे में अपने ही समकक्ष सहकर्मी हेड कांस्टेबल सुन्दर सिंह को जान से मारने की नियत से लोहे की हथौड़ी से गम्भीर चोटें पहुँचा कर घायल कर दिया था। इस पर थाना गुमानपुरा में मुकदमा दर्ज किया गया। एसपी दुहन ने बताया कि मामले में अगले दिन आरोपी हेड कांस्टेबल बलवीर सिंह को गिरफ्तार किये जाने के बाद सोमवार को निलम्बित किया गया था। पुलिस विभाग एक अनुशासित विभाग है, जो कार्मिकों को आपस में जोड़े रखने की मुख्य कड़ी होती है। आरोपी हेड कांस्टेबल बलवीर सिंह द्वारा अपने सहकर्मी के साथ गम्भीर आपराधिक घटना दुराचरण की श्रेणी का होने, विभाग में अनुशासन व कार्यप्रणाली में अनुशासन एवं पुलिस की गरिमा बनाये रखने के लिए राजस्थान असैनिक सेवायें के नियम के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में आरोपी हेड कांस्टेबल को आज मंगलवार को तत्काल प्रभाव से राज्य सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

उदयपुर जिले में थाना प्रताप नगर पुलिस की कार्यवाही

उदयपुर में चक्फार्मा स्टूडेंट निकला ड्रग पैडलर, बाड़मेर से लाकर उदयपुर में कर रहा था सप्लाई, पुलिस पूछताछ में जुटी

● पदमावत मीडिया

उदयपुर । जिले की प्रतापनगर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एमडीएमए की तस्करी के आरोप में एक बी.फार्मा स्टूडेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपी से दो लाख रुपए कीमत की 20 ग्राम एमडीएमए जब्त की है। थानाधिकारी भरत योगी ने बताया कि आरोपी भगत कुमार (22) पिता राणाराम निवासी बिजासर बाड़मेर हाल हिरण मगरी को गिरफ्तार किया है।

सप्लाई को लेकर पूछताछ जारी

आरोपी उदयपुर के एक मेडिकल कॉलेज में बी. फार्मा का स्टूडेंट है और मारवाड़ क्षेत्र से अवैध मादक पदार्थ लाकर उदयपुर शहर में सप्लाई कर रहा था। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना पर पुलिस प्रतापनगर स्थित मादड़ी रोड पर आरोपी भगत कुमार के पास पहुंची। जिसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एमडीएमए बरामद हुई। आरोपी ये मादक पदार्थ कहां से

और किसके पास से खरीदकर लाया है इस संबंध में पूछताछ जारी है।

सिंगरौली में बडोखर हत्याकांड का बड़ा खुलासा, पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

हत्या के बाद पुलिस ने आरोपी से बरामद किया देशी पिस्टल और कारतूस, घटना का पर्दाफाश

● पदमावत मीडिया

भोपाल। सिंगरौली जिले में पुलिस ने ग्राम बडोखर में हुए चार व्यक्तियों के अंधे हत्याकांड का सफलतापूर्वक खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और आरोपियों से महत्वपूर्ण साक्ष्य भी बरामद किए हैं।

घटना का विवरण: दिनांक 04 जनवरी 2025 को सिंगरौली पुलिस को ग्राम बडोखर स्थित सुरेश कुमार प्रजापति के मकान में सेप्टी टैंक में चार शव पड़े होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बरगवां निरी. शिवपूजन मिश्रा ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। घटना स्थल पर पहुंचने पर पुलिस को चार शव मिले, जिनके ऊपर रजाई और गद्दे डाले हुए थे। शवों पर गंभीर चोटें और गन शॉट के निशान पाए गए, जिससे पुलिस ने इसे हत्या का मामला मानते हुए तत्परता से जांच शुरू की।

प्रारंभिक जांच में मृतकों की पहचान उनके परिवारों से करवाई गई। मृतकों के नाम इस प्रकार थे

1. करण साहू (राजेश साहू) 32 वर्ष, निवासी बढौना, थाना कमर्जी, जिला सीधी, हाल जयंत
2. पप्पू उर्फ जोगिंदर महतो 33 वर्ष, निवासी सोड्राबस्ती, रामगढ़, झारखंड
3. राकेश सिंह उर्फ सोनू 24 वर्ष, निवासी ग्राम दरिया, थाना मड़वास, जिला सीधी, हाल अलंकार भवन जयंत
4. सुरेश प्रजापति निवासी लक्ष्मी मार्केट, जयंत

जांच और साक्ष्य संकलन: मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिव कुमार वर्मा और पुलिस महानिरीक्षक श्री साकेत प्रकाश पाण्डेय ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण डॉग स्क्वाड, एफएसएल और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों से करवाया और सबूतों को बारीकी से संकलित किया। पुलिस ने पता लगाया कि आरोपी राजा रावत और मृतक जोगिंदर महतो के बीच पुरानी दुश्मनी थी। इसी दुश्मनी के चलते राजा रावत और उसके अन्य साथियों ने मिलकर इस जघन्य हत्या को अंजाम दिया।

आरोपियों की गिरफ्तारी और बरामदगी

सिंगरौली पुलिस ने मामले की तह तक पहुंचने के लिए चार अलग-अलग टीमों का गठन किया और आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर आरोपियों की पहचान की। आरोपियों ने हत्या की साजिश को स्वीकार करते हुए बताया कि उन्होंने मृतकों की हत्या करने के बाद शवों को सेप्टी टैंक में फेंक दिया था। आरोपी राजा रावत, बुद्धसेन साकेत, हरिश्चंद्र साकेत, रोहित साकेत और नीरज साकेत को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने राजा रावत के कब्जे से एक देशी पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और एक खाली पिस्टल की मैग्जीन बरामद की। जांच जारी है और आगे की गिरफ्तारी की प्रक्रिया चल रही है।

आरोपियों के नाम

1. राजा रावत (पिता- अमर रावत) 25 वर्ष, निवासी नेहरू गेट, जयंत
2. बुद्धसेन साकेत (पिता- रामदेव साकेत) 20 वर्ष, निवासी सिंगाही सोलन चौकी गोरवी
3. हरिश्चंद्र साकेत उर्फ शुभम उर्फ छोटू (पिता- रामधनी साकेत) 21 वर्ष, निवासी बरहटी, थाना बरगवां
4. रोहित साकेत (पिता- रामविचारे साकेत) 21 वर्ष, निवासी नेहरू गेट, गर्दा बस्ती, चौकी जयंत
5. नीरज साकेत (पिता- महेंद्र साकेत) 19 वर्ष, निवासी जयंत
6. विधि विरुद्ध बालक

पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री ने इस मामले की गंभीरता को स्वीकार करते हुए बताया कि पुलिस ने पूरी पारदर्शिता और तत्परता से इस हत्याकांड का खुलासा किया। इस मामले में पुलिस के प्रयासों से जघन्य अपराध के आरोपियों को पकड़ा गया और जनता को न्याय दिलाने के लिए पुलिस पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

आरएएस अधिकारी बन कर एसपी के सामने दिखा रहा था रौब, पकड़ कर थाने ले गए तो खुल गई पोल

● पदमावत मीडिया

जयपुर । जैसलमेर से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां एक युवक को फर्जी आरएएस अधिकारी बनकर पुलिस पर धौंस जमाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. आरोपी युवक का नाम हरजीत सिंह है. हरजीत लाल बत्ती लगी सरकारी गाड़ी का इस्तेमाल कर रहा था. सादा वर्दी में गश्त के दौरान जैसलमेर के एसपी सुधीर चौधरी ने सोनार किले के पास उसे को रोका हरजीत फ़र्ज़ी आईडी कार्ड दिखाकर खुद को आरएएस अधिकारी बता रहा था. पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी को हरजीत पर पर शक हुआ, जिसके बाद उसे कोतवाली थाने लाया गया. जांच में पता चला कि हरजीत सिंह का आरएएस अधिकारी होने का दावा पूरी तरह फर्जी है. पुलिस ने बताया की हरजीत अजमेर का रहने वाला है लाल बत्ती लगी हुई कार लेकर खुद को फ़र्ज़ी आरएएस अधिकारी बता रहा है. वह पुलिस अधिकारियों पर भी रौब जमा रहा था. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है. यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि युवक के मंसूबे क्या थे और वह फर्जी आरएएस अधिकारी बनकर किन उद्देश्यों को पूरा करना चाहता था।

एसपी ने बताया, कैसे हर चीज़ फ़र्ज़ी थी

एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि कल रात को गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक पुलिसकर्मी से उलझ रहा था, वो अपने आपको एक आरएएस अधिकारी बता रहा था. उसकी गाड़ी पर जो मल्टीकलर्ड लाइट है, जो लॉ एनफोर्समेंट एजेंसीज को इमरजेंसी सेवा में जो अधिकारी होते हैं उन्हीं के पास होती है उन्होंने बताया कि पहली नज़र में थोड़ा संदिग्ध प्रतीत हुआ तो मैंने एसएचओ कोतवाली को निर्देश दिए कि इसकी जांच की जाए जांच के दौरान सामने आया है कि उसके पास में एक फर्जी आईडी कार्ड था और उसकी गाड़ी पर स्टेट मोटर गैराज लिखा हुआ था उसके अलावा जो मल्टीकलर्ड बेकन थी उसका एक बिल उसके पास में मिला जो कि राजस्थान सचिवालय के नाम से था।

आरोपी ने किस-किसको ठगा इसकी करेंगे जांच- एसपी

एसपी ने बताया कि यह एक प्राइवेट व्यक्ति था और बाद में उसने कबूल भी किया कि धौंस जमाने के लिए और वीआईपी ट्रीटमेंट पाने के लिए यह सब किया. साथ ही फर्जी आरएएस बनकर उसने कितने लोगों को ठगा इसकी भी विस्तृत जांच करवा रहे है. इस मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है. वही एसपी सुधीर चौधरी ने एनडीटीवी के माध्यम से अपील की है किअगर कोई भी व्यक्ति इस हरजीत सिंह के माध्यम से ठगी का शिकार हुआ है या इस व्यक्ति ने स्वयं को आरएएस अधिकारी बताकर किसी के साथ ठगी की है तो वो जैसलमेर पुलिस से सम्पर्क करे.हम उनके बयान लेंगे.वही अगर कोई ठगी जैसलमेर में हुई है तो उसका प्रकरण भी अलग से दर्ज करेंगे.इस प्रकरण में अनुसंधान जारी है क्योकि यह एक गंभीर विषय है।

राजस्थान राज्य अधीनस्थ कंप्यूटर कर्मचारी संघ जिला उदयपुर-सलुम्बर की प्रथम खेलकूद प्रतियोगिता एवं स्नेह मिलन कार्यकम

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। राजस्थान राज्य अधीनस्थ कंप्यूटर कर्मचारी संघ जिला उदयपुर-सलुम्बर की प्रथम खेलकूद प्रतियोगिता एवं स्नेह मिलन कार्यकम उदयपुर में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि अतिरिक्त निदेशक गिरिराज कथिरिया , संयुक्त निदेशक सुश्री शीतल अग्रवाल , एसीपी हितेश कुमार सोनी एवं मति प्रीति गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें विशिष्ठ अतिथी भावेश चावला जिलाध्यक्ष चित्तोडगढ़, राजेश व्यास जिलाध्यक्ष राजसमंद, विनोद जी आवास फाइनेंसियर्स लि., कलाल वाइन शॉप, छ्रस्र प्रतिनिधी ने भाग लिया। खेलकूद प्रतियोगिता में किकेट, बैडमिंटन, शतरंज, लूडो, चम्मच रेस इत्यादि खेलो का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रतिभागीयो ने भाग लिया। इसके उपरांत स्नेह मिलन तथा स्नेह भोज की व्यवस्था रही। कार्यकम का मुख्य आकर्षण चम्मच रेस तथा तीन टांग रेस नही। आयोजन में जिलाध्यक्ष मति सुमनसिंह, महासचिव दलपतसिंह, उपाध्यक्ष मयंक मेहता, जसवंत सिंह, मति कविता पंड्या, लोकेश पूर्बिया, दीपक गुंजेटिया, सु सोनाली गुप्ता, सु पुजा भोई, दिग्दर्शन भट्ट, चन्द्रकांत देशमुख, पवन मेघवाल, शांतिलाल मीणा, अजय सिंह राजपुत, दिव्या जैन, शशांत जैन, हिमांशु त्रिवेदी, सौरभ खमेसरा एवं समस्त कार्यकारिणी साथियो का अति विशिष्ठ योगदान रहा।

निःशुल्क नैत्र जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन, रक्तदान एवं स्वेटर वितरण कार्यक्रम गुरुवार को

● पदमावत मीडिया

भीनमाल। अणदाराम सेवा संस्थान मोदरान एवं ब्राह्मण स्वर्णकार युवा संगठन द्वारा द्वितीय नैत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 9 जनवरी को नवनिर्मित अणदेश्वर वाटिका भीमपुरा रोड़ मोदरान में आयोजित होगा। जिसमें स्थानीय ब्रह्माकुमारी राजयोग केन्द्र एवं ग्लोबल अस्पताल जालोर के द्वारा शिविर में निशुल्क आंखों की जांच की जायेगी । ऑपरेशन योग्य मरीजों को ग्लोबल अस्पताल आबूरोड़ ले जाकर मोतियाबिंद ऑपरेशन भी निशुल्क किये जायेंगे । शिविर में नजर के चश्मे भी निशुल्क वितरण होंगे । ब्रह्माकुमारी राज योग केन्द्र के तत्वावधान में यह 131 वां शिविर होगा। इसके ही साथ में विशाल रक्तदान शिविर भी आयोजित होगा, जिसमें सैकड़ों रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया जायेगा । स्थानीय मरुधरा ब्लड सेन्टर की टीम रक्त

संग्रह हेतु उपलब्ध रहेगी। शिविर आयोजन समिति के रमेश सोनी पुनासा ने बताया कि इसी दिन स्थानीय विद्यालयों के करीब 400 बालक-बालिकाओं को निशुल्क स्वेटर, 100 जरुरतमंदों को कम्बल एवं तिल गुड़ के लड्डू भी वितरण किये जायेंगे। अणदाराम सेवा संस्थान मोदरान एवं ब्राह्मण स्वर्णकार युवा संगठन द्वारा समय समय पर समाज के भामाशाहों के सहयोग से सेवा प्रकल्प के विभिन्न कार्य किये जाते हैं । मकर संक्रांति के उपलक्ष में पिछले वर्ष भी अणदेश्वर वाटिका मोदरान में निशुल्क नैत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया था ।

जिसमें 300 लोगों के नैत्र जांच की और 200 लोगों को दवाई तथा नजर के चश्मे वितरण किये थे । इसी प्रकार 17 मरीजों के निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किये थे तथा स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया था । इससे पूर्व भी कम्बल वितरण, गायों को हरा चारा, लम्पी बीमारी में दवाई आदि वितरण की थी, इस वर्ष भी मकरसंक्रांति के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित होगा।

उदयपुर जिले में थाना खेरवाड़ा पुलिस की बड़ी कार्यवाही

3.5 लाख की शराब के साथ दो तस्कर पकड़े

● पदमावत मीडिया

उदयपुर । जिले की खेरवाड़ा थाना पुलिस ने मंगलवार सुबह अवैध शराब से भरी कार को जब्त करते हुए दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि मंगलवार तड़के अवैध शराब से भरी कार उदयपुर से गुजरात की ओर जा रही थी। सूचना पर खेरवाड़ा पुलिस ने नेशनल हाईवे-48 पर नाकाबंदी की। इस दौरान कार सवार तस्कर नाकाबंदी तोड़ भागने लगे।

पुलिस ने पीछा कर पकड़ा था

इस पर खेरवाड़ा पुलिस ने पीछा कर कार को पकड़ा। कार को खेरवाड़ा थाना लाकर जांच की तो कार में राजस्थान निर्मित विभिन्न ब्रांड की अवैध शराब पाई गई। पुलिस के अनुसार अवैध शराब उदयपुर से गुजरात ले जाई जा रही थी। अवैध शराब की कुल कीमत 3.5 लाख रुपए है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब व कार जब्त कर आरोपी विष्णु निवासी बाड़मेर और नेपाल सिंह निवासी कुराबड़ को गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई जारी है।

डीएलएड द्वितीय वर्ष सैद्धांतिक परीक्षा आज से

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) उदयपुर के तत्त्वावधान में डीएलएड द्वितीय वर्ष की सत्र 2023-24 सैद्धांतिक परीक्षा कल बुधवार दिनांक 08 जनवरी से शुरू हो रही है। डाइट प्रधानाचार्य डीईओ चन्द्रशेखर जोशी के अनुसार शिक्षा विभागीय परीक्षाएं पंजीयक बीकानेर द्वारा आयोजित इस परीक्षा में डाइट सहित जिले के 8 अन्य निजी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों के कुल 449 छात्राध्यापक इस परीक्षा में भाग लेंगे। इस परीक्षा के लिए शहर में दो केंद्र स्थापित किए गए जहां ये परीक्षाएं आयोजित होगी जिनमें एक डाइट स्वयं में होगा जहां 223 परीक्षार्थी भाग लेंगे जबकि दूसरा केंद्र महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गोवर्धन विलास को निर्धारित कर अर्चना माली को केंद्राधीक्षक नियुक्त किया गया है जहां 226 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त पूर्ववर्ती डीएलएड प्रथम वर्ष के प्रोन्नत छात्रों की बकाया परीक्षा भी इसी के साथ आयोजित की जा रही है जिसमें 2 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु संस्थान के पीएसटीई प्रभाग की प्रभागाध्यक्ष मती मंजू टाक के नेतृत्व में गिरीश चौबीसा एवं दर्जन सिंह सिसोदिया को प्रभारी नियुक्त किया गया है। जोशी ने बताया कि परीक्षा में अनुचित साधनों एवं नकल की रोकथाम के लिए प्रधानाचार्य नेतृत्व में उड़न दस्ता दल

का गठन कर लिया गया है जिसमें उप प्राचार्य डॉ ओमप्रकाश शर्मा तथा प्रभारी मंजू टाक को शामिल किया गया है। वहीं प्रश्न पत्रों को सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस थाने में रखा गया है ,साथ ही वीक्षकों की नियुक्ति के आदेश भी जारी कर दिए गए है। मंगलवार को डाइट में प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में परीक्षा पूर्व तैयारी बैठक का आयोजन कर समस्त तैयारियों की समीक्षा की गई जिसमें बीना कुंवर राजपूत, त्रिभुवन चौबीसा , अमिता शर्मा तथा कल्पना दीक्षित सहित डाइट के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। इससे पहले डाइट टीम द्वारा गोवर्धन विलास परीक्षा केंद्र पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ये परीक्षाएं पंजीयक बीकानेर द्वारा जारी टाइम टेबल के अनुसार 08 से 17 जनवरी तक संचालित होंगी।

बी एन दृश्य कला विभाग द्वारा गुरु गोविंद सिंह जयंती पर विशेष आयोजन

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दृश्य कला विभाग विभाग द्वारा चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. रेणु राठौड़ ने बताया कि दृश्य कला विभाग ने गुरु गोविंद सिंह जयंती प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में एक विशेष कला प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी में छात्रों ने गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन और उनके उपदेशों पर आधारित पेंटिंग्स, स्केच और अन्य कलाकृतियां प्रदर्शित की। के उपलक्ष्य में विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विभिन्न रूपों की कलाकृतियां, पेंटिंग्स प्रदर्शित की गईं। विभागाध्यक्ष डॉ. कंचन राणावत के मार्गदर्शन में आयोजित की गई कार्यक्रम में छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रदर्शनी का उद्देश्य गुरु गोविंद सिंह जी के महान योगदान और उनके आदर्शों को कला के माध्यम से प्रस्तुत करना था। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं में दिनेश वागरीया, कंचन रावत, ईश्वर औदिच्य, सुयश शर्मा, घनश्याम लोहार, दिव्या व्यास, मनीषा आदि शामिल थे।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, सचिव डॉ. महेन्द्र सिंह राठौड़, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ और कुल सचिव डॉ. निरंजन नारायण सिंह राठौड़ ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। यह जानकारी जनसंपर्क अधिकारी डॉ. कमल सिंह राठौड़ द्वारा दी गई।

जिला पर्यावरण समिति की बैठक

पर्यावरण संरक्षण के लिए साझा प्रयासों पर दें जोरः जिला कलेक्टर

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। जिला पर्यावरण समिति की बैठक मंगलवार शाम को जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट मिनी सभागार में हुई। बैठक में शहर एवं जिले में पर्यावरण संरक्षण संबंधी बिन्दुओं पर चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने पर्यावरण संरक्षण के लिए साझा प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने शहर में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने तथा झीलों को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने ध्वनि प्रदूषण के संबंध में गत बैठक में दिए निर्देशों की अनुपालना की स्थिति जानी। झीलों में सीवरेज का पानी नहीं मिले इस हेतु प्रभावी कार्रवाई करने के लिए पाबंद किया। जिला कलक्टर ने मेनार में प्रवासी पक्षियों तथा वेटलैंड संरक्षण हेतु स्थानीय स्तर पर समिति गठित करने के निर्देश दिए। जिला

कलक्टर ने कहा कि प्लास्टिक थैलियों के अब भी शहर में ढेर दिखाई देते हैं ये नहीं होना चाहिए। अब तक वसूले जुर्माने का विवरण जाना तथा इसे बढ़ाने (ज्यादा से ज्यादा कार्रवाई) की कार्रवाई करने को कहा। जिला कलक्टर ने शहर में पॉलीथिन कैगी बैग्स के उपयोग तथा उनके यत्र-तत्र ढेर नजर आने पर चिन्ता व्यक्त करते हुए नगर निगम को आगामी 10-15 दिन पॉलीथिन कैरी बैग्स के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही झीलों की साफ सफाई पर विशेष फोकस करने, मार्बल स्लरी की रोकथाम हेतु संबंधित इंडस्ट्री मालिकों को फिल्टर प्लेस लगाने के निर्देश जारी करने, स्क्रैप डीलर्स द्वारा वेस्ट मटेरियल के निस्तारण के लिए आग लगाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए निगम अधिकारियों को कार्रवाई करने, 15 वर्ष से पुराने वाहनों पर परिवहन विभाग द्वारा कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जिला कलक्टर पोसवाल ने शहर में नो व्हीकल जॉन के लिए कमेटी बनाकर विस्तृत कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, उप वन संरक्षक अजय चित्तौड़ा, प्रशिक्षु आईएएस माधव भारद्वाज सहित पर्यावरण समिति से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

ईको सेंसेटिव जोन की बैठक

उदयपुर। सज्जनगढ़ वन्यजीव अभ्यारण्य ईको सेंसटिव जोन मोनिटरिंग कमेटी की बैठक जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जोनल मास्टर प्लान के तकनीकी बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही ईको सेंसटिव जोन के संरक्षण एवं भूमि संपरिवर्तन के प्रकरणों पर भी चर्चा की गई। बैठक में युडीए आयुक्त राहुल जैन, ओएसडी जितेंद्र ओझा, उप वन संरक्षक (वन्यजीव) डीके तिवारी आदि उपस्थित रहे।

कान के अंदर वाले हिस्से के जटिल कैंसर का सफल ऑपरेशन

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के कैन्सर सर्जरी विभाग के चिकित्सको ने कान के अंदर वाले हिस्से के जटिल कैंसर से पीढ़ित 75 बर्षीय महिला का सफल ऑपरेशन कर उसे नया जीवन दिया। इस सफल ऑपरेशन में कैन्सर रोग सर्जन डॉ.सौरभ शर्मा,ईएनटी सर्जन डॉ.एस.एस.कौशिक,निश्चेतना विभाग के डॉ.प्रकाश औदिच्य, डॉ. रविन्द्र, पैथोलॉजी विभाग की डॉ.कविता,डॉ.भावना एवं टीम का सहयोग रहा। दरअसल उदयपुर के लखावली निवासी 75 बर्षीय महिला के पिछले एक साल से कान में दर्द की शिकायत के चलते स्थानीय चिकित्सालय मे दिखाया तो जॉच करने पर कैन्सर का पता चला। परिजन महिला को पेसिफिक हॉस्पिटल लेकर आए जहॉ कैन्सर रोग सर्जन डॉ सौरभ शर्मा को दिखाया तो जॉच करने पर महिला के कान के पर्दे एवं अन्दरूनी भाग में कैन्सर का पता चला जिसका की ऑपरेशन सम्भव था। कैन्सर रोग सर्जन डॉ.सौरभ शर्मा ने बताया कि इस ऑपरेशन में ईएनटी सर्जन

डॉ.एस.एस.कौशिक के साथ मिलकर माईक्रोंस्कॉप की मदद से सावधानी पूर्वक ट्यूमर को निकालकर पिन्ना को बचातें हुए वापिस बाहर का कान बनाया गया। उन्होने बताया कि कान के कैंसर की बीमारी हड्डी तक फैल चुकी थी जिसका लैटरल रेडिकल टेम्पोरल बोन रिसेक्शन सर्जरी के द्वारा उपचार किया गया। गौरतलब है कि कान के अंदर वाले हिस्से का कैंसर एक दुर्लभ बीमारी है, जो हेड और नेक कैंसर के कुल मामलों का मात्र 0.2: है। डॉ.सौरभ ने बताया कि इस तरह के जटिल ऑपरेशन की सुविधा देश के गिने-चुने केंद्रों पर ही उपलब्ध है। यह ऑपरेशन अत्यंत जटिल था, जिसमें स्कल बेस सर्जरी का गहन अनुभव आवश्यक होता है।

मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन भी आया अलर्ट मोड पर

डांगी समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। उदयपुर के कानपुर रॉयल खेड़ा स्टेडियम पर डांगी सेवा संस्थान के बैनर तले डांगी खेल संघ द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ जिसमें भलों का गुड़ा ने पुला को चार विकेट से हराकर जीत हासिल की तो दूसरी और खेल संघ की ओर से महिला और बालिकाओं के लिए भी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें भलों का गुड़ा टीम ने लकड़वास को हराकर जीत हासिल की।

अब विजेता और उपविजेता टीमों को 14 जनवरी को आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर पुरस्कृत किया जाएगा। वही 14 जनवरी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रस्तावित दौरे को लेकर अब प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है। कानपुर खेड़ा में आयोजित 14 जनवरी को डांगी पटेल समाज द्वारा 37 वी खेलकूद प्रतियोगिता में

आयोजन को लेकर तैयारीया भी शुरू हो गई है इसी तैयारी को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सभा स्थल एवं आसपास के क्षेत्र का जायजा लिया । डिप्टी छगन राजपुरोहित, थानाधिकारी भरत योगी सहित प्रताप नगर थाना पुलिस ने कानपुर खेड़ा स्थित रॉयल स्टेडियम मौका देखा। इस दौरान डांगी पटेल खेल संघ के सचिव रमेश डांगी, जिला परिषद सदस्य शंकर पटेल, उपाध्यक्ष केशु लाल डांगी, कोषाध्यक्ष दुदाराम डांगी, गेहरी लाल डांगी, दिनेश डांगी पुलिस प्रशासन की और से डिप्टी छगन राजपुरोहित, प्रताप नगर थानाधिकारी भरत योगी, सदस्य गणेश लाल डांगी वार्ड पंच रमेश पटेल किशन पटेल गणेश लाल डांगी, नारायण डांगी, सुरेश शेरावत, प्रकाश डांगी, भगवती लाल डांगी , युवा अजय पटेल सहित खेल संघ के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान क्षेत्र में मुख्यमंत्री को आगमन को लेकर पार्किंग स्थल सभा स्थल का जायजा लिया गया ।

मलंग बीट्स का इन्स्ट्रूमेंट प्लेयर्स का ऑडिशन 12 जनवरी कोः माधवानी

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। एम स्क्वायर के बैनर तले शहर की संगीत जगत् की उभरती संस्था मलंग बीट्स गोल्डन वॉइस अपने पहले टेलेंट हंट इवेंट में शहर को उभरते सिंगर्स को पहचान देने के बाद अब लेकर आ रहा हैं मलंग सिम्फ़नी मलंग बीट्स के मुकेश माधवानी ने बताया कि हम आगामी 12 जनवरी को अशोका पैलेस में इन्स्ट्रूमेंट प्लेयर्स को करियर ब्रैक देने के लिए मलंग सिम्फ़नी नामक मंच देने जा रहा है. इस हेतु जो भी इच्छुक हों, वे अशोका पैलेस स्थित ऑफिस में आकर प्रबंध निदेशिका मति निधि सक्सेना से सम्पर्क कर अपना औपचारिक पंजीकरण करा लें. संस्था की एमडी निधि सक्सेना ने बताया कि हम चयनित कलाकारों को निर्धारित नियमान्तर्गत योग्य और अनुभवी गेस्ट फैकल्टी द्वारा उन्हें विधिवत् शिक्षा और अनुभव प्रदान करेंगे. मलंग सिम्फ़नी द्वारा विशेष

प्रशिक्षण तथा मार्गदर्शन देकर ऐसे कलाकार तैयार करेंगे, जो भविष्य में बड़े बड़े शोज करके अपना प्रोफ़ेशनल करियर बना सकेंगे. कीबोर्ड, गिटार, सेक्सोफोन, फ्लूट, रिदम बेस्ड इन्स्ट्रूमेंट प्लेयर्स के लिए यह सुनहरा अवसर है। इस मंच पर शहर के युवा बॉलीवुड म्यूजिक कंपोजर एकार्थ पुरोहित का भी सानिध्य मिलेगा, जो हमारे साझेदार बनकर मंच को सुशोभित कर रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।